**SET-4**

**Series SGN**

**कोड नं.**
**Code No.** **200**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **3** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# आशुलिपि (हिन्दी)
## (सैद्धान्तिक)

# SHORTHAND (HINDI)
## (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

**1.** वक्र रेखाओं के अंदर लिखे गए एक प्रारंभिक बड़े हुक से किस व्यंजन का योग होता है ? $\frac{1}{2}$

**2.** व्यंजन रेखा ‘व’ को आधा करने से किस प्रत्यय का योग होता है ? $\frac{1}{2}$

3. ज़ व्यंजन आरंभ और अंत में किस प्रकार प्रकट किया जाता है ? उदाहरण दीजिए । $\frac{1}{2}$

4. सीधी रेखाओं में न का योग करने के लिए छोटा हुक प्रारंभ में लगाया जाता है या अंत में ? $\frac{1}{2}$

5. र हुक लगी रेखा के आरंभ में वृत्त स का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है ? $\frac{1}{2}$

6. व्यंजन 'ख' को आधा करने से किस प्रत्यय को प्रकट किया जा सकता है ? $\frac{1}{2}$

7. व्यंजन श के साथ र तथा ल हुक के प्रयोग उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । 1

8. गहरी रेखाओं को आधा करने के नियम उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । 1

9. कौन-कौन-सी व्यंजन रेखाओं को 'य' व्यंजन के योग के लिए मोटा किया जाता है ? प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दीजिए । 2

10. अर्द्धीकरण (रेखाओं को आधा करने) के किन्हीं चार नियमों को उदाहरण देते हुए समझाइए । 2

11. 'अ' उपसर्ग को स्वर के रूप में प्रयोग करने पर आशुलिपि में कई व्यंजनों के रूप बदल जाते हैं । उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । 2

12. जनक का प्रत्यय के रूप में प्रयोग करते हुए चार शब्द व उनके आशुलिपि रूप बनाइए । 2

13. वृत्त स को ह व्यंजन के पहले किस प्रकार लिखा जाता है ? साहू और सहारा के रूप लिख कर नियम बताइए । 2

14. उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अंतर है ? नव तथा आत्म उपसर्गों का प्रयोग करते हुए तीन-तीन शब्द बनाइए और उनके आशुलिपि रूप दीजिए । 5

**15.** व्यंजन रेखा पर काट का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए : *5*

(क) गृह मंत्रालय

(ख) योजना आयोग

(ग) पोलिटिकल पार्टी

(घ) कार्य पद्धति

(ङ) सम्मानजनक

**16.** निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए : *5*

(क) सुप्रीम कोर्ट

(ख) शांतिपूर्ण

(ग) प्रदेश सरकार

(घ) संचार मंत्री

(ङ) शीतकालीन अधिवेशन

(च) राष्ट्रपति महोदय

(छ) सरकारी कर्मचारी

(ज) हरियाणा

(झ) शुक्रवार

(ञ) जुलाई

**अथवा**

जोड़े वाले (साथ-साथ आने वाले) शब्दों को आशुलिपि में किस प्रकार लिखते हैं ? निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(क) खेल-कूद

(ख) जीवन-मरण

(ग) आँधी-पानी

(घ) दिन-रात

(ङ) लाभ-हानि